**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**भारत सरकार**

**महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- मार्च, 2023**

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**:

   अनुलग्नक-I में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**:

   शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से ''लंबित अभियोजन के लिए स्वीकृति'' के मामले**:

   शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**:

   शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):**

   परिसर की सामान्य सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:**

   मंत्रिमंडल ने दिनांक 13 जुलाई, 2022 को हुई अपनी बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन 5 स्वायत्तशासी निकायों का एक स्वायत्तशासी निकाय में विलय करने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:**

   समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

**8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:**

इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**9. ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**:

इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

**10. माह के दौरान पास किए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** :

लागू नहीं।

*******

**अनुलग्नक-I**

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय – राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) द्वारा लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के कल्पेनी और अमिनी द्वीपों में स्थापित विलवणीकरण संयंत्रों का माननीय प्रशासक, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र की उपस्थिति में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 18 मार्च 2023 को डिजिटल रूप से उद्घाटन किया गया।

- भारतीय अंटार्कटिक स्टेशन, भारती में वैज्ञानिक कार्य और रसद से संबंधित अभियानों के पूरा होने के बाद, अंटार्कटिक अभियान पोत मैत्री स्टेशन से 5 मार्च 2023 को इंडियन बैरियर के लिए रवाना हुआ।

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, जैव-प्रौद्योगिकी विभाग तथा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली में 3-4 मार्च 2023 के दौरान विज्ञान चिंतन शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. जितेंद्र सिंह तथा सभी विभागों के सचिव और वैज्ञानिक उपस्थित थे।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग और नाइजीरियाई मौसम विज्ञान एजेंसी (NiMet), नाइजीरिया ने 2 मार्च 2023 को वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के संचालन तथा व्यावहारिक कौशलों के विकास, जो अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को लाभान्वित करेगा, में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय मौसम विज्ञान सोसायटी (IMS) ने संयुक्त रूप से 23 मार्च, 2023 को विश्व मौसम विज्ञान दिवस मनाया, जिसकी थीम "फ्यूचर ऑफ वैदर, क्लाइमेट एंड वॉटर अक्रॉस जेनरेशन्स" थी। इस अवसर पर निम्नलिखित प्रकाशनों का विमोचन किया गया:

    - मौसम का विशेष अंक (खंड 74, संख्या 2, 2023) जिसमें मानसून के संबंध में विश्व मौसम विज्ञान संगठन की 7वीं अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला (आईडब्ल्यूएम-7) की कार्यवाही शामिल है।

    - आईएमडी मेट मोनोग्राफ: दक्षिण एशिया का पूर्वोत्तर मानसून

    - आईएमडी वार्षिक रिपोर्ट 2022

- किसानों को मौसम पूर्वानुमान और कृषि आधारित मौसम परामर्शिकाएं प्रदान करने के लिए आईएमडी ने ग्रीन अलर्ट वेब पोर्टल और विंगिफाई फाउंडेशन के साथ समझौता-पत्रों पर हस्ताक्षर किए।

निर्णय/अनुमोदन का कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

न्यूनतम  सरकार, अधिकतम शासन;

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों  के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान  में,  देश में  लगभग 7.6 मिलियन किसान सीधे ही परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल  के माध्यम  से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।
- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं को ई-मेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *481 | -- | 481 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | **484 | -- | 484 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 197 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यूएस स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | ***37 | -- | 28 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 02 | -- | 02 |
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 05 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 16 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 19 |
| वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सफर) | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 09 (दिल्ली)<br>****शून्य (मुंबई)<br>शून्य (अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग) | --- | -- | 3115 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विमानन | 94 | -- | 94 |
| रेडिएशन स्टेशन | 47 | --- | 47 |

* स्थापित किए गए कुल 808 में से 327 पुराने हैं।
** स्थापित किए गए कुल 1382 में से 898 पुराने हैं।
***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडार सहित।
**** फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

मार्च, 2023 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) डिफेंस जियो-इनफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (DGRE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए। माह के अंतिम गुरुवार अर्थात् 30 मार्च, 2023 को अप्रैल, 2023 के लिए मान्य मासिक औसत पूर्वानुमान भी प्रयोक्ताओं के लिए शामिल किए गए थे।

**मासिक मौसम सारांश (मार्च 2023)**

## क) माह के दौरान महत्वपूर्ण मौसम संबंधी घटनाएं

पश्चिमी विक्षोभ:

महीने के दौरान सात पश्चिमी विक्षोभों और उनसे जनित छह चक्रवाती हवाओं ने उत्तर पश्चिम और पश्चिम और मध्य भारत के आस-पास के क्षेत्रों को प्रभावित किया था और महीने के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक बारिश हुई ; महीने के दूसरे पखवाड़े के दौरान, देश के अधिकांश हिस्सों में एक साथ गरज के साथ तूफान(टीएस) गतिविधियों के साथ-साथ छिटपुट ओलावृष्टि, तड़ित और तेज हवाएं चली।

## ख) **वर्षा परिदृश्य** :

मार्च 2023 के महीने में पूरे देश में 37.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो 29.9 मिमी के दीर्घावधि औसत (एलपीए) का 126% है।

## ग) भारी वर्षा की घटनाएँ:

| जारी की गई चेतावनी | भारी/बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (>64.4 मिमी): 330 |
|---|---|
| | **वर्षा के लिए सही प्रतिशत (% में)> 64.4 मिमी** |
| दिन 1 / 24 घंटे | 94 |
| दिन 2 / 48 घंटे | 94 |
| दिन 3 / 72 घंटे | 94 |

## घ) तापमान परिदृश्य :

पूरे देश के लिए मार्च-2023 के महीने का औसत तापमान 25.43 डिग्री सेल्शियस था जो सामान्य से +0.37 डिग्री सेल्शियस अधिक था। 4 मार्च 2023 को कारवार (तटीय कर्नाटक) में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्शियस और 30 मार्च 2023 को वर्धा और ब्रह्मापुरी (विदर्भ) में दर्ज किया गया था और महीने के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 8 मार्च 2023 को औरंगाबाद (मराठवाड़ा) में 9.7 डिग्री सेल्शियस का न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

## ङ) गरज के साथ तूफान और ओलावृष्टि की घटनाएँ :

महीने के दौरान (महीने की अंतिम तारीख को भारतीय मानक समय 0830 बजे तक) आंधी और ओलावृष्टि की घटनाएँ नीचे तालिका में दी गई है:

| क्र.सं. | क्षेत्र | गरज के साथ तूफान वाले दिन | ओलावृष्टि की घटनाएँ | तूफान की घटनाएँ | धूल भरी आँधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत | 13 | 1 {बीदर सिटी -19 मार्च} | शून्य | शून्य |
| 2. | उत्तर पश्चिमी भारत | 31 | 20 { शिमला (7,8,16,19,20,21 मार्च),<br>टिहरी -14 मार्च,<br>बटोटे-16 मार्च, लुधियाना-16 मार्च,<br>कानपुर-30 मार्च, बाराबंकी-21 मार्च,<br>लखनऊ-21 मार्च, हरदोई-21 मार्च,<br>फुर्सतगंज-21 मार्च, पालमपुर-22 मार्च,<br>सिरगंगानगर-24 मार्च, जम्मू-25 मार्च,<br>बिलासपुर, 25 मार्च,<br>भद्रवाह - 26 मार्च, समा - 26 मार्च)} | शून्य | 1<br>{श्रीगंगानगर<br>- 16 मार्च} |

| क्र.सं. | क्षेत्र | गरज के साथ तूफान वाले दिन | ओलावृष्टि की घटनाएँ | तूफान की घटनाएँ | धूल भरी आँधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | पूर्वोत्तर भारत | 18 | 4 {शिलांग -15 मार्च, चेरापूंजी-16 मार्च, डिब्रूगढ़- 27 मार्च, लेंगपुई- 27 मार्च} | 2 {डिब्रूगढ़- 27 मार्च, बारापानी- 28 मार्च} | शून्य |
| 4. | पूर्वी भारत | 27 | 9 {गंगटोक-15,22 मार्च, दार्जिलिंग-11 मार्च, ताडोंग-15 मार्च, कूचबिहार-15 मार्च, जलपाईगुड़ी-15 मार्च, हल्दिया-16 मार्च, बांकुरा-16 मार्च, श्रीनिकेतन-16 मार्च} | 4{अलीपुर-16,30 मार्च, दमदम-16,20 मार्च} | शून्य |
| 5. | मध्य भारत | 26 | शून्य | 1 {सतना -30 मार्च } | शून्य |
| 6. | पश्चिम भारत | 21 | 5 {दीसा- 6 मार्च, नासिक 6 मार्च, धुले- 6 मार्च, अहमदनगर- 18 मार्च, परभनी- 18 मार्च} | 1 {बड़ौदा- 6 मार्च } | शून्य |

**जारी किए गए बुलेटिन/प्रेस विज्ञप्तियां/ चेतावनियां:**

अखिल भारतीय मौसम बुलेटिन:- 124, अखिल भारतीय अनुमान और विषम मौसम की चेतावनी:- 124, अखिल भारतीय साप्ताहिक मौसम रिपोर्ट:- 5, अगले 5 दिनों के लिए चक्रवात होने पूर्वानुमान के साथ दैनिक उष्णदेशीय मौसम आउटलुक: 31, प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान कार्यक्रम के तहत अगले 5 दिनों के लिए दैनिक प्रतिकूल मौसम दिशानिर्देश 31, अगले 2 सप्ताह हेतु चक्रवात होने के साप्ताहिक विस्तारित रेंज आउटलुक: 5, अगले 5 दिनों के लिए उत्तरी हिंद महासागर में मछुआरों के लिए दैनिक चेतावनी: 31, , अगले 12 घंटों के लिए भारतीय नौसेना के लिए फ्लीट पूर्वानुमान: 62, अगले 36 घंटों के लिए ग्लोबल मैरीटाइम डिस्ट्रेस सेफ्टी सिस्टम के तहत गहरे समुद्र में जहाजों के लिए बुलेटिन:- 62, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए जारी पर्वतीय मौसम बुलेटिन:- 62, प्रतिकूल मौसम के लिए नाउकास्ट गाइडेंस बुलेटिन:- 31 फोरकास्ट डिमॉन्स्ट्रेशन प्रोजेक्ट (FDP) विषम गरजयुक्त तूफान प्रेक्षण और क्षेत्रीय मॉडलिंग (STORM) बुलेटिन: 31, लू बुलेटिन: -31, माह के दौरान जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति:- 36

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्ट:**

1. मार्च 2023 के महीने के लिए ईएनएसओ बुलेटिन और मार्च से जून 2023 की अवधि के लिए दक्षिण एशिया के लिए मौसमी जलवायु आउटलुक जारी किया गया।
   (त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html )

2. कृषि में उत्पादन हानि को कम करने के लिए कृषि के लिए प्रभाव आधारित पूर्वानुमान (आईबीएफ) जारी किया गया। उत्तर-पश्चिम भारत में गेहूं की वृद्धि और उपज पर उच्च तापमान के प्रभाव का पूर्वानुमान जारी किया गया।
3. वर्तमान मौसम डिटेक्टर (PWD) प्रणाली रनवे (RWY) 27, देवघर हवाई अड्डे, हीरासर हवाई अड्डे, राजकोट और दीव हवाई अड्डे पर RWY 28, गया हवाई अड्डे और RWY 26 हुबली हवाई अड्डे पर स्थापित की गई थी।
4. डिजिटल करंट वेदर इंडिकेशन सिस्टम (DCWIS) और PWD सिस्टम RWY 05, अहमदाबाद हवाई अड्डे और RWY 04 तेजू पर स्थापित किए गए थे।
5. गंगटोक, सिक्किम में एक AWS संस्थापित किया गया।

**भूकंपीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| **प्रेक्षण प्रकार** | **अब तक स्थापित** | **महीने के दौरान डेटा रिपोर्टिंग** |
|---|---|---|
| भूकंप केंद्र | 152 | 137 |

**भूकंप और सुनामी निगरानी**

<u>भूकंप :</u> भारतीय क्षेत्र में 164 भूकंपों की निगरानी की गई, जिनमें से 6 भूकंप 5.0 तीव्रता से अधिक के थे।

<u>सुनामी :</u> माह के दौरान सूनामी उत्पन्न करने की क्षमता वाले 3 समुद्र तलीय भूकंप (M>6) आये। यह सूचना भूकंप आने के 12 मिनट के अंदर प्रदान की गई।

**<u>समुद्र प्रेक्षण प्रणाली</u>**

| **प्लेटफार्म का प्रकार** | **माह के दौरान शुरु किए गए** | **माह के दौरान प्राप्त डेटा** |
|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स* | 80 | 50 |
| मूरेड बुयो | 19 | 12 |
| टाइड गेज | 36 | 33 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 12 | 6 |
| एक्वास्टिक डॉपलर करंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 17 |
| सुनामी बुयो | 7 | 4 |
| वेव राइडर बुयो | 18 | 12 |

## समुद्री विज्ञान सेवाएं

| क्र.सं. | पूर्वानुमान के प्रकार | माह के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एकीकृत संभावित मत्स्यन क्षेत्र (PFZ) परामर्शिकाएं (समुद्री सतह तापमान (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 28 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 25 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहरें, पवन,धाराएं, एसएसटी(समुद्र सतह का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई) और D20 पूर्वानुमान | 28 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 28 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 9 |

## आउटरीच एवं जागरुकता

- वेदर एंड क्लाइमेट साइंस फॉर सर्विस पार्टनरशिप इंडिया (WCSSP-India) वार्षिक विज्ञान कार्यशाला का आयोजन NCMRWF में दिनांक 27 फरवरी 2023 से 3 मार्च 2023 के दौरान किया गया।
- विभिन्न महाविद्यालय / संस्थानों / विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने IITM, INCOIS, NCMRWF तथा CMLRE का दौरा किया।
- IMD, NIOT, NCMRWF तथा INCOIS ने मार्च 2023 के दौरान अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।
- IITM और NCMRWF ने दिनांक 23 मार्च 2023 को विश्व मौसम विज्ञान दिवस मनाया।
- इंटरनेशनल ट्रेनिंग सेंटर फॉर ऑपरेशनल ओशनोग्राफी (ITCOO) ने दिनांक 9 से 10 मार्च 2023 के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुबनेश्वर, एवं हैदराबाद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए "समुद्री निगरानी प्रणाली, प्रचालन सेवाओं और समुद्री डेटा उपयोग" सम्बन्धी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

- INCOIS के वैज्ञानिकों ने एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के साथ मिलकर दिनांक 14 से 16 मार्च 2023 तक तमिलनाडु के क्रमश: पूमपुहार, मयलादुथुरई जिला तथा कीझकरई, रामनाथपुरम जिला में इंकॉइस सर्विसेज में जिला स्तरीय जागरुकता कार्यशाला आयोजित की।
- इंकॉइस ने दिनांक 26 फरवरी 2023 को तमिलनाडु आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अधिकारियों की मेजबानी की। संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) फ्रेमवर्क के अंतर्शासकीय समुद्रविज्ञान आयोग (IOC) के अन्तर्गत हिंद महासागर के देशों को सेवा प्रदान करने वाली बहु-जोखिम सुभेद्यशीलता एवं सुनामी पूर्व चेतावनी के बारे में एक गहन विमर्श आयोजित किया गया।
- पार्टनरशिप फॉर ऑब्जर्वेशन ऑफ दि ग्लोबल ओशन (POGO) और सहजलाल यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (SUST), सिलहेट, बांग्लादेश ने दिनांक 12 से 23 मार्च 2023 के दौरान संयुक्त रूप से 'संवहनीय समुद्री संसाधन प्रबन्धन संबंधी  क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम' आयोजित किया। इसमें बांग्लादेश, भारत, मलेशिया, एवं फिलीपीन्स के विभिन्न विश्वविद्यालय एवं संगठनों के कुल 22 सहभागियों ने सहभागिता की।
- दिनांक 2 मार्च 2023 को नागौर समुद्रतट, नागपट्टिनम पाइपलाइन फटने के कारण तेल बहाव के लिए इंकॉइस ने तेल के बहाव के मार्ग का पैटर्न सृजित किया, और एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन तथा स्थानीय समुदाय को ऑयल ड्रिल पैटर्न परामर्श दिये।
- IITM ने दिनांक 15 मार्च 2023 को मौसम एवं जलवायु विज्ञान में महिलाओं की भूमिका (W3CS) पर हाइब्रिड मोड में कार्यशाला आयोजित की।
- IITM और IMD ने दिनांक 28-30 मार्च 2023 के दौरान IITM में "वार्षिक मॉनसून कार्यशाला (AMW-2022)" तथा "गर्म होते पर्यावरण में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए जलवायु सेवाओं में चुनौतियों" पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की।
- ओपन सी केज कल्चर विषय पर अंडमान निकोबार सेंटर फॉर ओशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (ANCOST), पोर्ट ब्लेयर में मत्स्यिकी विभाग, अंडमान निकोबार के साथ संयुक्त रूप से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में 25 मछुआरों ने सहभागिता की।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया जाता है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा देशभर के अंदर पूर्वानुमानकर्ताओं द्वारा दैनिक साक्षात्कार दिया गया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से पूर्वानुमान वीडियो क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए गए थे।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय G20 ईवेंट्स में सहभागिता कर रहा है।

**<u>प्रकाशन</u>**

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **अप्रैल 22 - फरवरी 2023** | **मार्च 23** | **कुल** | **अप्रैल 22 - फरवरी 2023** | **मार्च 23** | **कुल** |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | 181 | 11 | **192** | 22 | - | **22** |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 80 | 9 | **89** | 6 | 1 | **7** |
| ध्रुवीय विज्ञान | 25 | 4 | **29** | - | 1 | **1** |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | 60 | 6 | **66** | 1 | - | **1** |
| **कुल** | **346** | **30** | **376** | **29** | **2** | **31** |

**माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग**

| जलपोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 26 | 5 | 2 |
| सागर मंजूषा | 26 | 5 | 2 |
| सागर तारा | 9 | 22 | 1 |
| सागर अन्वेषिका | 2 | 29 | 1 |
| सागर कन्या | 0 | 31 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 31 | 0 |

**अनुलग्नक II**

I/4979/2023

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोधी रोड
नई दिल्ली 110 003
दिनांक: 20 अप्रैल, 2023

प्रमाण पत्र

(माह मार्च 2023 के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति मार्च, 2023 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -12 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -01 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -00 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -00 |

(धरकत आर. लुइकेंग)
अवर सचिव
dharkat@nic.in